Need to include Hatyaharan religious place under 'Ramayana Circuit' ? laid

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): केन्द्र सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश भर में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण पर ध्यान देते हुए 'रामायण सर्किट' के विकास के लिए तेजी से कार्य प्रारंभ किया है और 'रामायण सर्किट यानि भगवान श्री राम से जुड़े प्रमुख स्थलों को एक साथ जोड़ने की योजना बनाई है, जिसमें देश के कई राज्यों के उन 15 स्थानों को चुना गया है, जहां से श्री राम गुजरे थे।

उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में जनपद हरदोई की तहसील सण्डीला में स्थित हत्याहरण एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां स्थित हत्याहरण कुंड श्री भगवान राम से गहरा ताल्लुक रखता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान राम जब रावण का वध करके यहां आए तो स्नान कर रावण वध से मुक्त हुए । यहां पर देश के दूरदराज क्षेत्रों से ही नहीं बल्कि विदेश से भी एक बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। हत्याहरण धार्मिक स्थल का महत्वपूर्ण पुराणों में भी वर्णित है। भादो महीने में यहां पर प्रत्येक रविवार को यहां पर मेले का भी आयोजन होता है। लेकिन, श्रद्धालुओं जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है, जिसके कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा अनुरोध है कि जिस प्रकार से राज्य के अयोध्या, श्रृंगवेरकर, चित्रकूट, नंदीग्राम एवं देश के दूसरे राज्यों के अन्य स्थल, जो भगवान श्री राम से जुड़े हुए हैं, का 'रामायण सर्किट' योजना में चयन किया गया है, उसी प्रकार से हत्याहरण धार्मिक स्थल को भी इस योजना में शामिल किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए और साथ ही वहां पर टीन शेड प्रतीक्षालय, विश्रामालय, सुलभ शौचालय, पेयजल, विद्युत इत्यादि के लिए केंद्रीय आवंटन अविलंब किया जाए।